कार्यालय उप वन संरक्षक, केदारनाथ वन्यजीव प्रभाग, गोपेश्वर।
Office of Deputy Conservator of Forest, Kedarnath Wildlife Division, Gopeshwar.

पत्रांकः— 1348 / 12-1 गोपेश्वर, दिनांक 27-9 2017

सेवा में,

अधिशासी अभियन्ता,
ग्रामीण अभियन्त्रण सेवा विभाग,
पी0एम0जी0एस0, कर्णप्रयाग।

विषयः— जनपद चमोली के अन्तर्गत प्रस्तावित बुंगीधार – मेहलचौरी— बछुवावाण मोटर मार्ग के किमी0 25 से स्यूणी तल्ली तक मोटर मार्ग का निर्माण।

महोदय,

उपरोक्त विषय के कम में अवगत करना है कि प्रस्तावित मोटर मार्ग निर्माण हेतु क्षतिपूरक वृक्षारोपण स्थल में भारत सरकार द्वारा बार—बार आपत्ति लगाई जा रही है कि क्षतिपूरक वृक्षारोपण हेतु चयनित क्षेत्र में 1.00 है0 क्षेत्र बहुत घना है, क्षतिपूरक वृक्षारोपण हेतु 1.00 है0 क्षेत्र का चयन दूसरी जगह किया जाय।

अतः चयनित वृक्षारोपण क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण करने हेतु तिथि निर्धारित करते हुए अपने प्रतिनिधि को निदेर्शित करने का कष्ट करें कि वे वन क्षेत्राधिकारी लोहवा रेंज लोहवा तथा क्षेत्रीय पटवारी से सम्पर्क स्थापित कर क्षतिपूरक वृक्षारोपण हेतु चयनित क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण करें। यदि चयनित स्थल वृक्षारोपण हेतु उपयुक्त नहीं पाया जाता है तो उस स्थिति में 1.00 है0 क्षतिपूरक वृक्षारोपण हेतु क्षेत्र का चयन दूसरी जगह किया जाय।

भवदीया,

(नीतू लक्ष्मी एम0)
उप वन संरक्षक,
केदारनाथ वन्यजीव प्रभाग, गोपेश्वर।

संख्या / दिनांकित।

प्रतिलिपि— वन क्षेत्राधिकारी, लोहवा रेंज लोहवा को इस आशय से प्रेषित कि अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण निर्माण विभाग, पी0एम0जी0एस0वाई कर्णप्रयाग द्वारा की गई निर्धारित तिथि को क्षेत्रीय पटवारी एवं प्रस्तावक विभाग के प्रतिनिधि के साथ संयुक्त निरीक्षण मे प्रतिभाग कर निरीक्षण आख्या इस कायार्यलय को भी उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

(नीतू लक्ष्मी एम0)
उप वन संरक्षक,
केदारनाथ वन्यजीव प्रभाग, गोपेश्वर।